भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 3368
उत्तर देने की तारीख : 09 दिसम्बर, 2019

सांस्कृतिक प्रतिभा खोज योजना

3368. श्री डी.एम. कथीर आनन्द :

क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्र सरकार ने हाल ही में सांस्कृतिक प्रतिभा खोज योजना की शुरुआत की है जिसके तहत कलाकारों का पंजीकरण कर एक सांस्कृतिक डाटा-बैंक तैयार किया जा रहा है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या इस योजना का उद्देश्य नई प्रतिभाओं को बढ़ावा देना और पुरानी कलाओं और कलाकारों की रक्षा करना है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
(श्री प्रहलाद सिंह पटेल)
संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(क) और (ख) : संस्कृति मंत्रालय द्वारा संस्कृति मंत्रालय, अन्य मंत्रालयों और राज्यों में भी मौजूद सांस्कृतिक संगठनों से एकत्र, कलाकारों, कला रूपों और अन्य संसाधनों का व्यापक डाटाबेस तैयार करने के लिए राष्ट्रीय सांस्कृतिक मानचित्रण मिशन (एनएमसीएम) पर कार्य किया जा रहा है।

(ग) और (घ) : इसके अलावा, संस्कृति मंत्रालय भावी और उदीयमान कलाकारों की सतत आधार पर पहचान करने, उनका परिपोषण करने, सहायता करने और प्रशिक्षित करने के लिए कुछ स्कीमें संचालित करता रहा है। देश भर में छात्रवृत्तियां, अध्येतावृत्तियां, पेंशन प्रदान कर तथा अनुदान/सहायता के अन्य रूपों के जरिए इन्हें संचालित किया जाता है। ब्यौरे मंत्रालय की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

***